कन्हैया तेरी गोकुल में ननिहाल

कन्हैया तेरी गोकुल में ननिहाल,
बरसाने में जन्म हो मेरा और वृंदावन ससुराल,
कन्हैया तेरी गोकुल में ननिहाल.....

मोहन ऐसा भाग बना दे,
जब तुम बचपन से राधे राधे,
हो जाऊं राधे का दीवाना नाचू दे दे ताल,
कन्हैया तेरी गोकुल में ननिहाल......

मोहन ऐसी लगन लगाना,
रहे वृंदावन आना जाना,
हो जाऊं तेरे प्यार में पागल रहे ना अपना ख्याल,
कन्हैया तेरी गोकुल में ननिहाल....

कृपा कर दे तू ऐसी कन्हैया,
चराऊं गोकुल में तेरी गैया,
गोकुल की गलियों में घूमो बनकर ग्वाल और बाल,
कन्हैया तेरी गोकुल में ननिहाल.....

मिले नहीं जन्मों से छुटकारा,
मुझे गोकुल वृंदावन प्यारा,
बनवारी तेरी इन गलियों में जीवन दऊ निकाल,
कन्हैया तेरी गोकुल में ननिहाल...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30195/title/kanhayia-teri-gokul-me-nanihaal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |